# झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत

## इसके पहले भी इलाज से एक युवक का सड़ गया था हाथ

**आलीराजपुर, 20 जुलाई. समीपस्थ नानपुर गांव में एक बार फिर झोलाछाप डॉक्टर के ईलाज के दौरान एक युवक की जान चली गई. इसके बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर डॉक्टर को गिरफ्तार किया है.**



झोलाछाप डॉक्टर बिट्टू बिस्वास द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद 35 वर्षीय युवक जेराम पिता गिलदार बघेल, निवासी पटेल फलिया की मौत हो गई, परिजनों के अनुसार, जेराम को सीने में दर्द की शिकायत पर पहले नानपुर अस्पताल लाया गया, लेकिन वहा कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था. मजबूरी में इस बीमार युवक को झोलाछाप डॉक्टर बिट्टू के क्लीनिक ले जाया गया, जहां उसे इंजेक्शन दिया गया, इंजेक्शन के 15 मिनिट बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ गई और इसके बाद उसकी मौत हो गई. निराश और गुस्साए परिजन व ग्रामीण मृतक युवक के शव के साथ आरोपी डॉक्टर को भी थाने लेकर पहुंचे, मौके पर एसडीओपी सहित पुलिस बल भी पहुंचा, जिसके बाद समझा बुझाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

इसके बाद पुन: युवक के शव को पुन: पुलिस थाने पर लाकर जयस जिला अध्यक्ष अरविंद कनेश सहित पचासों लोगों ने बिट्टू विश्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की माँग की, साथ ही जिला प्रशासन से एक हफ्ते में जिले भर में संचालित हो रहे सभी अवैध क्लिनिक को बंद करने की बात रखी अन्यथा स्थिति में जिला बंद कर आंदोलन करने की घोषणा की हैं.

> हैरत की बात है कि कुछ ही दिनों बाद इस नीम हकीम डॉक्टर का क्लिनिक फिर से खुल गया. इस घटनाक्रम से ज़िला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में इस तरह के कई झोलाछाप बंगाली डॉक्टर के रूप में अब भी सक्रिय हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था के कारण खुलेआम इलाज के नाम पर आम जनता की जान से खेल रहे हैं. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

# पकड़ी नकली नोट चलाने वाली गैंग

- पुलिस ने बाजार में नकली नोट चलाते 3 को पकड़ा
- आरोपियों के पास से 20 नकली नोट बरामद



नवभारत न्यूज

**रतलाम. पुलिस ने शहर में नकली नोट चलाने वाले गैंग को पकडऩे में सफलता हासिल की हैं. आरोपियों द्वारा बाजार में नकली नोट खपाने की कोशिश की जा रही थी.**

डीडी नगर थाना पुलिस को शनिवार को नकली नोट चलाने वाली गेंग की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर वन विभाग नाका रतलाम से मुखबिर द्वारा बताए हुलिये के दो व्यक्तयो को सब्जी के ठेले के पास से फोर्स व पंचान कि मदद से घेराबंदी कर पकड़ा. पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अंकीत पिता अभय कुमार (40), दूसरा व्यक्ती वासुदेव पिता अभय कुमार (35) दोनों निवासी तक्षशिला परिसर मुखर्जी नगर रतलाम बताया. अंकीत राजुल कि तलाशी लेने पर उसके पहने हुऐ पेंट के दाहिने जेब से 100 के 11 नोट निकले. नोटों को पंचान समक्ष चेक करते नोट कि सिरीज ओयूके 031344 के 6 नोट तथा ओयूके 031345 के 5 नोट जिन पर भारतीय रिजर्व बैंक केंद्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत हिन्दी व अंग्रेजी में लिखा हुआ है.

### एक नजर में

### 24 घंटे में पकड़ाया महिला का हत्यारा

कटनी. ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सिलोड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमण में घर पर अकेली रह रही 52 वर्षीय महिला नीतू जायसवाल के अंधे कत्ल की गुत्थी ढीमरखेड़ा पुलिस ने 24 घंटे में सुलझा ली है. सिहोरा थाना अंतर्गत खितौला निवासी 27 वर्षीय शैलेन्द्र पांडे नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से वारदात में उपयोग किया गया देशी कट्टा भी बरामद कर लिया है. शैलेन्द्र पांडे झाड़फूंक और पंडताई का काम करता है. इसी काम की वजह से वह महिला के संपर्क में आया और फिर उसका अक्सर महिला के यहां आना-जाना होता रहता था. पुलिस ने महिला के मोबाइल की काल डिटेल निकलवाई तो उसमें भी महिला की शैलेन्द्र पांडे से ही अंतिम बार बात हुई थी.

### कश्मीर पुलिस के हत्थे चढ़े पिता और पुत्र

ग्वालियर. कश्मीर के पुलवामा जिले की पुलिस ने ग्वालियर में दस्तक दी है. पुलवामा पुलिस 4 माह पहले लापता हुई एक 17वर्षीय नाबालिग छात्रा की तलाश में आयी थी. जांच में पता चला कि नाबालिग की लोकेशन ग्वालियर के पुरानी छावनी इलाके में पाई गयी. उस वक्त छात्रा के 2 भाई और अन्य परिजन भी ग्वालियर आये थे. उन्होंने स्थानीय पुलिस से कार्यवाही की मांग की थी. पुलवामा से 5 सदस्यीय पुलिस टीम ग्वालियर आयी. हालांकि नाबालिक और उसे भगाकर लाने वाला विशाल शर्मा पुलिस को नहीं मिला है.

### चालक की सूझबूझ से बची 50 से ज्यादा जान

शहडोल. जिले के पतखई घाट में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब रायपुर से मैहर जा रही कांवड़ियों से भरी एक बस अचानक ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में गिरने के कगार पर पहुंच गई. मौके पर मौजूद ट्रक चालक की सूझबूझ ने बस को समय रहते रोक दिया और 50 से ज्यादा महिलाओं और बच्चों की जान बचा ली. घटना सिंहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पतखई घाट की है. थाना प्रभारी मुन्ना लाल राहंगडाले ने बताया कि बस जैसे ही घाट से उतर रही थी, उसके ब्रेक फेल हो गए. चालक ने तत्परता से सामने चल रहे ट्रक चालक को इशारे और आवाज के माध्यम से जानकारी दी.

### दीपक टेलीकॉम से 70 मोबाइल ले उड़े चोर

**देवास.** शहर के व्यस्ततम भगत सिंह मार्ग पर स्थित दीपक टेलीकॉम की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया. दुकान मालिक दीपक ने सुबह जब दुकान खोली, तो भीतर का नज़ारा देखकर हैरान रह गए. दुकान में रखे करीब 70 से 75 मोबाइल फोन गायब थे. पीड़ित दुकानदार द्वारा तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया. चोरी गए मोबाइलों की कीमत का प्राथमिक आकलन करीब 12 से 15 लाख रुपये किया गया है. वहीं, एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट व अन्य साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू किया.

# नीरज की पुण्यतिथि पर काव्य संध्या

## मध्य प्रदेश काव्य धारा मंच का कवि को नमन

**ग्वालियर. मध्य प्रदेश काव्य धारा मंच के तत्वाधान में राष्ट्रकवि गोपाल दास नीरज की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ कवि नयन किशोर श्रीवास्तव के निवास पर किया गया.**




कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नव गीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने-माने शायर विजय कलीम और मुख्य अतिथि के रूप में कवियत्री माला श्रीवास्तव उपस्थित थीं. कार्यक्रम का संचालन ख्याति प्राप्त शायर मनीष रोशन ने किया. आरंभ में संस्था के अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव ने गोपाल दास नीरज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके साहित्यिक योगदान की प्रशंसा की. इस अवसर पर संस्था की ओर से नवगीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव, शायर विजय कलीम, कवियत्री माला श्रीवास्तव और कवि रवि कांत दबंग को गोपालदास नीरज सम्मान से सम्मानित किया गया.

### अवैध शराब, गुंडे-बदमाशों के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 16 प्रकरणों मे 21 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 25 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 08 जमानती वारंट, 18 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए।

# राजस्थान के 2 साइबर ठग गिरफ्तार

**बड़वानी, 20 जुलाई. मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने 22.66 लाख रुपये की ठगी के मामले में राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

सेंधवा शहर थाना पुलिस के अनुसार, सदर बाजार निवासी व्यापारी राहुल गर्ग से एक महिला ने च्फ्युटलाकरज् नामक कंपनी में निवेश का झांसा देकर ठगी की. 12 जून को उसे एक लिंक भेजा गया, जिस पर क्लिक करने के बाद महिला ने च्नीजाज् नाम से संपर्क किया और शुरुआती रिटर्न अच्छा देने के बाद धीरे-धीरे 22.66 लाख रुपये का निवेश करवा लिया. ठगी का एहसास होने पर राहुल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर जोधपुर निवासी अनिल बिश्नोई और पाली निवासी भोला सिंह राठौड़ को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से 18 एटीएम कार्ड, 9 सिम कार्ड, 6 मोबाइल और 60 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं. पुलिस के अनुसार, आरोपी फर्जी बैंक खातों को ऑपरेट करते थे और प्रति लाख पर 10 हजार रुपये का कमीशन लेते थे. ठगी की रकम को वे मुख्य मास्टरमाइंड तक पहुंचाते थे, जो उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर आगे भेज देता था. फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और मुख्य आरोपी की तलाश जारी है.

# ग्रामीणों ने शिक्षक को बनाया बंधक

**चुनाव आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप**

**शिवपुरी. शिवपुरी में रात करीब 1 बजे ग्रामीणों ने शिक्षक हेमराज आदिवासी को बंधक बना लिया और पुलिस को बुला लिया.**

पोहरी जनपद की उपसिल पंचायत में होने वाले उपचुनाव से पहले एक शासकीय शिक्षक और उसके दो साथियों द्वारा गांव में घुसने पर विवाद खड़ा हो गया. ग्रामीणों ने शिक्षक हेमराज आदिवासी को बंधक बना लिया और पुलिस को बुला लिया. पोहरी छात्रावास में पदस्थ शिक्षक हेमराज आदिवासी अपने दो साथियों देवेन्द्र आदिवासी और ऊदल आदिवासी के साथ बाइक से रात एक बजे उपसिल गांव की आदिवासी बस्ती में पहुंचे. ग्रामीणों का आरोप है कि तीनों शराब के नशे में थे और उनके पास हथियार भी थे. साथ ही चुनाव को प्रभावित करने की मंशा से गांव में घुसने का संदेह जताया गया है.

ग्रामीणों ने तत्काल तीनों को घेरकर रोका और हेमराज आदिवासी को बंधक बना लिया. इसके बाद रात तीन बजे ही पोहरी पुलिस को मौके पर बुलाया गया. पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया. उपसिल पंचायत में 22 जुलाई को मतदान होना है, ऐसे में यह मामला चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है और इसे गंभीर माना जा रहा है. स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है.

### शिवपुरी : हादसों में बच्ची और युवक की मौत

**शिवपुरी.** जिले में अलग-अलग जगहों पर दो जानलेवा घटनाएं हुईं. सिरसौद थाना क्षेत्र के जामखो गांव में एक 7 वर्षीय बालिका बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूब गई. वहीं, पिछोर अनुविभाग के खोड़ क्षेत्र में बाइक से गिरने पर एक युवक की मौत हो गई. सिरसौद थाना क्षेत्र के जामखो निवासी अवनी (7) पुत्री फेरन धाकड़ अपनी दो सहेलियों के साथ रोड किनारे शौच के लिए गई थी. पास ही एक गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भरा था. बताया गया कि अवनी पानी भरने के लिए जैसे ही गड्ढे के पास पहुंची, पैर फिसलने से वह उसमें गिर गई. दोनों सहेलियां दौड़कर घर पहुंचीं और परिजनों को सूचना दी. जब तक परिवार मौके पर पहुंचा, तब तक अवनी की डूबने से मौत हो चुकी थी.

# श्रावण मास की दूसरी महासवारी आज

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर । श्रावण मास की दूसरी महासवारी आज धूमधाम से निकलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराह्न 3.00 बजे ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर जी सजी हुई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे 51 ढोलक के साथ ओंकारजी महाराज मंदिर से निकलेंगे शंकराचार्य चौक से होकर कोटितीर्थ घाट पर पहुंचेगी।**



विद्वान पंडितों द्वारा षोडशोपचार पूजा अभिषेक संपन्न कराया जाएगा ।मंदिर में ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी का महश्रृंगार मावा भांग हार मुकुट से किया जाएगा तथा छप्पन भोग लगाए जाएंगे जो भक्तों में वितरण किए जाएंगे। दक्षिण तट पर श्री ममलेश्वर महादेव भी सजी हुई पालकी में सवार होकर गौमुख घाट पर पहुंचेगी विद्वान पंडितों द्वारा महा अभिषेक कराया जाएगा ।

दोनों पालकियों को पवित्र नर्मदाजी में नौका भ्रमण कराया जाएगा । गौमुख घाट से लवाजमे के साथ हजारों भक्त भोले शंभू भोले नाथ का उद्घोष करते हुए नाचते हुए चलेंगे। काशी विश्वनाथ बलवाड़ी पुराना बस, मुख्य मार्ग होकर जेपी चौक , पुराना पुल से मार्केट होकर रात्रि 10 वापस मंदिर पहुंचेगी।

### गोह के अंगों की तस्करी करते 3 गिरफ्तार

**भानपुरा.** वन्यजीवों की तस्करी पर नकेल कसते हुए भानपुरा वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉनिटर लिज़ार्ड (गोह) के अंगों की तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया है. यह कार्रवाई शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई. मस्तराम बघेल, मुख्य वन संरक्षक (उज्जैन वृत्त), संजय रायखेड़े, वन मंडलाधिकारी मंदसौर, एवं उपवनमंडलाधिकारी गरोठ सरोज रोज के निर्देशन में यह संयुक्त अभियान चलाया गया. भानपुरा परिक्षेत्र में वन विभाग को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग गोह के अंग विशेषत: हत्था जोड़ी बेचने की फिराक में हैं. वन विभाग की टीम ने अपने ही एक व्यक्ति को खरीददार बनाकर सौदे के लिए भेजा.

# दो सालियों ने की जीजा की पिटाई

## पत्नी से कहासुनी के बाद पहुंचे थे मायके वाले

**ग्वालियर. बहोड़ापुर क्षेत्र में घरेलू विवाद मारपीट में बदल गया. झगड़े के बाद महिला ने अपने पिता और बहनों को बुला लिया, जो ससुराल पहुंचकर पति से भिड़ गए. इस दौरान सालियों ने अपने जीजा की जमकर पिटाई कर दी.**

बीच-बचाव करने आए जीजा के भांजे और भाई को भी पीटा गया, जिसमें भांजे का कान कट गया और भाई की उंगली टूट गई. यह घटना विनयनगर स्थित मोहिते गार्डन इलाके में हुई. घायल युवक के कान में सात टांके लगे हैं. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हमलावर फरार हो चुके थे. बहोड़ापुर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है. पीड़ित दिनेश नौगइया का पत्नी शशि से घरेलू विवाद हुआ था. गुस्से में दिनेश ने पत्नी को दो चांटे मार दिए. इसके बाद शशि ने अपने पिता और बहनों को बुला लिया. पिता जसवंत, बहनें प्रभा और पूजा, और पिता का दोस्त भीमा गुर्जर बंशी विहार स्थित दिनेश के घर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया. वहीं मौजूद दिनेश का भांजा हर्ष और छोटा भाई रविंद्र जब उसे बचाने आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया. मारपीट में रविंद्र की उंगली टूट गई और हर्ष का कान कट गया. पीड़ित दिनेश का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है. पहले भी भीमा गुर्जर ने उसके साथ मारपीट की थी.

> **पिता ने पुत्र को पीटा और घर में लगाई आग**
>
> उज्जैन. तराना के समीप ग्राम में घरेलू विवाद के बाद ग्रामीण ने अपने पुत्र को पीटा और घर में आग लगा दी. ग्राम बघेरा में रहने वाले सचिन सोलंकी और उसके पिता सुरेश सोलंकी के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया. सुरेश ने सचिन को बुरी तरह से पीटा तथा घर में आग लगा दी. सुरेश ने अलमारी में रखे नगदी और 1 किलो चांदी निकाल ली. सचिन ने विरोध किया तो उसे भी पीटने लगा.

# शिक्षक ने सरकारी स्कूल में की हजारों की चोरी

**शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुरलाय का मामला**

**ग्रामीणों की सूचना पर शिक्षा विभाग ने की कार्यवाही**



**शाजापुर, 20 जुलाई. चोरों को तो चोरी करते हुए कई बार देखा है, लेकिन शिक्षा के मंदिर में जब एक शिक्षक ही चोरी करता पकड़ा जाए, तो इसे क्या कहेंगे.**

ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है शाजापुर जिले के ग्राम बुरलाय में. शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ईश्वर सिंह आर्य स्कूल का पूरा सामान ट्रेक्टर ट्रॉली में भरकर ले जा रहे थे. जब गांव वालों ने देखा, तो इसकी सूचना शिक्षा विभाग को दी. मौके पर पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूल का सामान स्कूल में रखवाया.

गौरतलब है कि रविवार की छुट्टी होने के कारण स्कूल बंद था. इसी का फायदा उठाते हुए प्रधानाध्यापक ईश्वर सिंह आर्य ट्रेक्टर-ट्रॉली के साथ स्कूल पहुंचा और स्कूल का पूरा सामान भरकर ले जाने लगा. इसी दौरान गांव वालों ने इसकी सूचना बीएसी प्रमोद कारपेंटर को दी और शिकायत मिलते ही कारपेंटर मौके पर पहुंचे. उन्होंने सारा सामान स्कूल में रखवाया. इस बारे में बीआरसी योगेश भावसार ने बताया कि ईश्वर सिंह आर्य तीन दिन पहले ही बिना सूचना के स्कूल से अनुपस्थित था.

> उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था. उक्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ कई बार विभागीय कार्यवाही की जा चुकी है. अब इस चोरी के मामले में भी कार्यवाही की जाएगी. शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुरलाय के प्रधानाध्यापक की कार्यप्रणाली शुरू से ही विवादित रही है. इसी कारण उन्हें कई बार विभागीय स्तर पर शोकाज नोटिस जारी कर कार्यवाही की जा चुकी है, लेकिन वे अपनी आदतों में सुधार लाने के बजाय मनमानी करते रहते हैं. उन्होंने रविवार की छुट्टी का फायदा उठाकर स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया.

**एक नजर में** | **रैली समापन स्थल पर नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता की शपथ दिलवाई**

# नशे के दुष्प्रभाव बताने पुलिस अधिकारी निकले साइकिल पर

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नशे के दुष्प्रभाव को बताने और आमजनों को जागरूक करने चल रहे ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत रविवार को सुबह साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस अधिकारी रैली में शामिल हुए और आमजनों को जागरूक किया।



मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जून तक ''नशे से दूरी है जरूरी'' नशा मुक्ति जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत रविवार को प्रात: 6 बजे रतलाम पुलिस द्वारा एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में आप सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों, जैसे खेल और स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली को अपनाना चाहिए और नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि नशा न केवल अपराधों को जन्म देता है, बल्कि समाज में अस्थिरता भी लाता है। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशे के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा, डीएसपी अजय सारवान, डीएसपी आनंद स्वरूप सोनी, डीएसपी (प्रशिक्षु) सुश्री अनिशा जैन, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, सूबेदार मोनिका चौहान, शहर के थाना प्रभारीगण, स्कूली छात्र, सामाजिक संगठन एसवायएस फिटनेस के सदस्य, खेल प्रतिभागी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने साइकिलों पर ''नशे से दूरी है जरूरी'', सेहत से समझौता नहीं, नशा छोड़ो-परिवार जोड़ो, जो होगा नशे का आदी उसके जीवन की होगी बर्बादी जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाई।

> **ट्रेन से ला रहे थे अवैध शराब जब्त**
>
> रतलाम. नाबालिग युवक द्वारा इंदौर से ट्रेन में बैठकर रतलाम अवैध रूप से शराब ला रहा था. आबकारी विभाग की प्रभारी अधिकारी मीनाक्षी गुप्ता द्वारा हमराह आबकारी उप निरीक्षक चेतन वैद के क्षेत्र के प्रतापनगर रेलवे पटरी के पास से ट्रेन के माध्यम से इंदौर से रतलाम लाई जा रही अवैध विदेशी शराब पकड़ी. 1 बाल अपचारी एवं फरार आरोपी विजय उर्फ मोनू राजावत पिता राजेंद्र राजावत निवासी रत्नेश्वर रोड के कब्जे से 4 बैग में 12 बोतल सिग्नेचर व्हिस्की, 12 बोतल बकार्डी रम, 12 बोतल मैजिक मोमेंट वोदका, 36 बोतल फॉक्स वोदका कुल 54 .0 बल्क लीटर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया.

# नदी के टापू में 4 दिन से फंसे हैं दो दर्जन से अधिक मवेशी

**शहडोल. जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सुखाड़ के पास सोन नदी के टापू में दो दर्जन से अधिक मवेशी बीते तीन-चार दिनों से फंसे हुए हैं.**

क्षेत्र में बाणसागर डैम के गेट खोलने के बाद नदी में अचानक पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे मवेशियों के वापस लौटने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि डैम के कुल 8 गेट खोले गए हैं, जिससे सोन नदी में बाढ़ जैसे हालात बन गए और इसी बीच मवेशी नदी के टापू में फंसकर रह गए.

हालत यह है कि पिछले कई दिनों से ये मवेशी न तो इधर आ सके और न ही उन्हें चारा-पानी मिल पा रहा है. ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया गया, तो इन मवेशियों की जान को खतरा हो सकता है. चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन को अब तक इस घटना की जानकारी ही नहीं है. ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मानें तो प्रशासन की ओर से कोई राहत या बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया है. मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बाणसागर डैम के गेट तत्काल बंद करने और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह एक बड़ी पशुहानि हो सकती है.